# महानिदेशक, स्कूल शिक्षा
# एवं
# राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय

**समग्र शिक्षा, विद्या भवन, निशातगंज, लखनऊ–226007**

**वेबसाइट** : www.upefa.com **ई–मेल** : upefaspo@gmail.com **दूरभाष** : 0522–4024440, 0522–2780384

शिक्षा का अधिकार
सब पढ़ें सब बढ़ें
NIPUN BHARAT

प्रेषक,

महानिदेशक,
स्कूल शिक्षा, उ0प्र0,
लखनऊ।

सेवा में,

1 मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, समस्त मण्डल, उ0प्र0।

2 जिला विद्यालय निरीक्षक समस्त जनपद, उ0प्र0।

3. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक समस्त मण्डल, उ0प्र0।

4 जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी समस्त जनपद, उ0प्र0।

पत्रांक : समग्र शिक्षा (मा0)/ 2517–18 /2024–25 दिनांक 20/12/24

**विषयः माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा विद्यार्थियों से परीक्षा पे चर्चा (वर्ष–2025) के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या 1635/15–7–2024 माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–7 दिनांक 16.12.2024 के साथ संलग्न सचिव, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के D.O. No. 2-512024-PPC दिनांक 14 दिसम्बर 2024 (छाया प्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के साथ शैक्षिक वर्ष 2024–25 में **परीक्षा पे चर्चा** कार्यक्रम के आठवें संस्करण से सम्बन्धित है।

2) मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा कक्षा–6 से 12 तक के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं उनके अभिभावकों के साथ **परीक्षा पे चर्चा** कार्यक्रम के आठवें संस्करण का आयोजन **"जनवरी 2025 में भारत मण्डपम, नई दिल्ली"** में किया जाना प्रस्तावित है।

3) **परीक्षा पे चर्चा** कार्यक्रम के अन्तर्गत **"दिनांक 14 दिसम्बर 2024 से 14 जनवरी 2025"** तक https.//innovateindia1.myqov.in पर ऑनलाइन बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ) प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है जिसमें चयन हेतु विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों द्वारा पंजीकरण कराते हुए प्रतिभाग किया जायेगा। **परीक्षा पे चर्चा** कार्यक्रम के समस्त प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण–पत्र दिया जायेगा।

4) उक्त प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को मा0 प्रधानमंत्री जी से **परीक्षा पे चर्चा** कार्यक्रम–2025 में प्रश्न पूछे जाने हेतु आमंत्रित किया जायेगा। एन0सी0ई0आर0टी द्वारा तैयार की गयी प्रश्नावली में से ही कार्यक्रम में सम्मिलित प्रश्नों का चयन किया जायेगा।

5) परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम सम्बन्धी निर्देश विभाग एवं बोर्ड के वेबसाइट, अधीनस्थ समस्त कार्यालयों एवं समस्त विद्यालयों की वेबसाइट एवं सूचनापट पर प्रदर्शित किये जाये।

6) उक्त कार्यक्रम के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु जनपद स्तर पर निम्नवत कार्यवाही अपेक्षित है।

1. परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम सम्बन्धी निर्देश ई–मेल एवं सोशल मीडिया के माध्यम से अधीनस्थ कार्यालयों, विद्यालयों में अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों, अभिभावकों को भेजे जाये।
2. विद्यालयों द्वारा अपने सोशल मीडिया हैण्डल तथा #PPC2025 का प्रयोग अपने विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के सम्बन्ध में की जा रही कार्यवाहियों के लिए किया जाये। प्रचार–प्रसार हेतु विद्यालय पोस्टर/क्रिएटिव/वीडियों आदि बनाकर भी पोस्ट कर सकते है। चुनिन्दा क्रिएटिव/वीडियों को mygov प्लेटफार्म पर भी प्रदर्शित किया जाय।
3. परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रचार सुनिश्चित करने हेतु दिनांक 21.12.2024 से पूर्व अपने अधीनस्थ कार्यालयों/प्रधानाचार्यों के साथ बैठक सुनिश्चित की जाय।
4. विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु जनपद स्तर पर मीडिया–योजना तैयार कर स्थानीय एफ0एम0 चैनलों, प्रिन्ट मीडिया, इलैक्ट्रानिक मीडिया का उपयोग किया जाय।
5. यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा जनपद में पंजीकृत कक्षा–6 से 12 तक के कुल विद्यार्थियों में से कम से कम 25 प्रतिशत विद्यार्थियों का पंजीकरण कराये जाने एवं प्रतियोगिता में प्रतिभाग किये जाने की अपेक्षा की गयी है। इस हेतु बेसिक शिक्षा विभाग के आधीन समस्त विद्यालयों, राजकीय माध्यमिक विद्यालयों, सहायता प्राप्त विद्यालयों, स्ववित्त–पोषित विद्यालयों एवं अन्य बोर्डों (सी0बी0एस0ई0, आई0सी0एस0ई0, कैम्ब्रिज) इत्यादि से सम्बद्ध विद्यालयों के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों का दिनांक 14 दिसम्बर 2024 से 14 जनवरी 2025 तक ऑनलाइन पंजीकरण कराते हुए प्रतियोगिता में अधिकतम प्रतिभागिता करायी जाय।

7) परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम 2025 हेतु मण्डल स्तर पर मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक एवं जनपद स्तर पर जिला विद्यालय निरीक्षक को नोडल नामित किया जाता है।

8) मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वारा प्रतिदिन अपने मण्डल के जनपदों की परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम 2025 में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के ऑनलाइन पंजीकरण एवं प्रतिभागिता की समीक्षा करते हुए लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित कराने की कार्यवाही की जाये।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्तानुसार व्यापक प्रचार–प्रसार कराते हुए जनपद में अवस्थित बेसिक शिक्षा विभाग तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग के आधीन समस्त विद्यालयों एवं अन्य बोर्डों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों का पंजीकरण कराते हुए परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में आयोजित प्रतियोगिता में अधिकाधिक संख्या में प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक–उक्तवत्।

भवदीया,

Kanchan

(कंचन वर्मा)
महानिदेशक,
स्कूल शिक्षा, उ0प्र0,
लखनऊ।

पृ0सं0: समग्र शिक्षा (मा0)/ 2517–18 /2024–25 तद्दिनांक।

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :

1. सचिव, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।

2. विशेष सचिव, माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–7, उ0प्र0।
3. जिलाधिकारी, समस्त जनपद, उ0प्र0।
4. शिक्षा निदेशक (मा0), शिविर कार्यालय, उ0प्र0 लखनऊ।
5. निदेशक, बेसिक शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ।
6. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के D.O. No. 2-512024-PPC दिनांक 14 दिसम्बर 2024 (छाया प्रति संलग्न) के प्रस्तर–4 के खण्ड (G) में दी गयी अपेक्षानुसार कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
7. सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, प्रयागराज।

20/12/24

(विष्णु कान्त पाण्डेय)
अपर राज्य परियोजना निदेशक
समग्र शिक्षा (मा0)

o/c